Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 04-08-2022 | अंक 305

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### सर्पदंश से एक व्यक्ति गंभीर, रेफर



बरही प्रखंड अंतर्गत करसो पंचायत के हरीला निवासी उमेश यादव उम्र 45 वर्ष पिता शिव सहाय महतो को खेत में काम करने के दौरान सांप ने डंस लिया। जिससे वह गंभीर हो गए, जानकारी मिलने पर उनके परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

# साडी धोती वितरण विवाद के मामले में गुरुदेव गुप्ता पर हुए केश का पूर्व विधायक सहित भाजपाइयों ने किया विरोध

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में सैकड़ो भाजपाइयों ने बीडीओ से मिल जताया आक्रोश, आंदोलन की चेतावनी



प्रखंड परिसर के बाहर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव वा अन्य



बी डी ओ से वार्ता करते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव

**पेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड के खैरौंन में पिछले 20 जुलाई को साड़ी धोती वितरण के दौरान स्थानीय विधायक उमाशंकर अकेला व जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता व प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता के बीच हुए विवाद के मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। घटना के लगभग आठ दिन बाद बरही के एमओ के द्वारा बरही थाना में लिखित आवेदन देकर सरकारी काम मे बाधा डालने आरोप लगाते हुए गुरुदेव गुप्ता पर केश दर्ज करवा दिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही दूसरा पक्ष विरोध में उतर आया। गुरुवार को बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के अगुवाई में सैकड़ो भाजपा नेताओ व कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व विधायक ने बरही बीडीओ से मिलकर मामले से अवगत कराया। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बीडीओ से पूछा कि किस नियम के तहत आप साड़ी धोती वितरण के लिए विधायक का शिड्यूल बनाते है। क्या साड़ी धोती का वितरण का काम केवल विधायक का है। पूर्व विधायक ने कहा कि घटना दो पक्षो का आपसी विवाद था, सरकारी कार्य मे बाधा का कोई प्रश्न नही उठता है। यदि सरकारी कार्य मे बाधा है तो स्थानीय विधायक के विरुद्ध में भी केश दर्ज होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा की राज्य सरकार के द्वारा ऐसा कहीं भी आदेश नही है कि सिर्फ स्थानीय विधायक ही धोती साड़ी का वितरण करेंगे। पूर्व विधायक ने स्पष्ट कहा कि अगर झूठा मुकदमा वापस नही हुआ और स्थानीय विधायक पर भी मामला दर्ज नही हुआ तो संवैधानिक तरीके से विरोध प्रदर्शन करने पर बाध्य होंगे। हालांकि बीडीओ सीआर इंदवार ने कहा कि इसमें कोई बड़ा मामला नही था। जान बूझकर दोनो पक्ष मामले को तूल दे रहे हैं। मैं किसी के दबाब में नही आने वाली। नियम संगत ही कार्य होंगे। मौके पर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप जिला उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, गुरुदेव गुप्ता, सुरेंद्र रजक, रितेश गुप्ता, भूपेंद्र यादव, बीरेंद्र रजक, बैजनाथ यादव, कैलाश ठाकुर, नागेश्वर रजक, सचिन यादव, पिंटू ठाकुर, पप्पू केशरी, विशेश्वर यादव सहित सैकड़ों अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## जियाडा अधिकार संघ के बैनर तले 17 दिनों से चला आ रहा धरना सीओ व बिनोद विश्वकर्मा की पहल पर स्थगित

### स्थानीय लोगों को रोजगार देने पर बनी सहमति, कंपनी ने कार्यरत कर्मियों की जारी की सूची

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




स्थानीय एवं विस्थापित कोनरा के रैयतों को रोजगार देने की मांग एवं एचपीसीएल कंपनी के मन. मानी के खिलाफ पिछले 17 दिनों से जियाडा अधिकार संघ की ओर से चला आ रहा अनिश्चितक. ालीन धरना गुरुवार को सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो की सकारात्मक पहल के बाद स्थगित कर दी गई। ज्ञात हो कि जियाडा अधिकार संघ से जुड़े बेरोजगार युवकों ने स्थानीय लोगों को रोजगार देने की मांग को लेकर पिछले 17 दिनों से सत्याग्रह धरना कार्यक्रम कर रहे थे। इस पर पहल करते हुए सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं झामुमों नेता बिनोद विश्वकर्मा ने एचपीसीएल से जुड़े कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य अधिकारियों से बात की। दोनो पक्षो को बुधवार को सीओ अoफिस में बुलाया गया। दोनो पक्षों में सकारात्मक वार्ता हुई। वार्ता में यह तय हुआ कि एचपीसीएल कंपनी में काम करने वालो की सूची गुरुवार को जारी किया गया। जारी सूची के अनुसार बताया गया कि 90 प्रतिशत स्थानीय है। लेकिन गुरुवार को जारी किया गया 38 लोगों की सूची में मात्र 14 लोग ही स्थानीय मिले। जारी सूची में अधिकतर लोग बाहरी हैं। संघ ने कहा कि जीतने बाहरी लोग है उन्हें हटाकर स्थानीय लोगों को रखा जाय। संघ के द्वारा काग. जात के साथ 35 बेरोजगार युवकों को सूचि सौपते हुए समायोजित करने की मांग की गई। मौके पर मौजूद सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो एवं झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा ने कंपनी के प्रबंधक प्रभात कुमार से नियमानुसार पद सृजित करते हुए समायोजित करने का निर्देश दिया। प्रबंधक द्वारा सकारात्मक आश्वासन के बाद अनिश्चितकालीन धरना को तत्काल स्थगित किया गया। मौके पर झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, नसीम उर्फ चांद, सफाउल रहमान, अरमान, संजय राम, तबरेज राजू, रिजवान अली, मो मंसूर, सुनील पासवान, असलम उर्फ टुन्नू सहित कई लोग मौजूद थे।

## अरुण साहू ने पदमा के पिंडारकोण में चलाया जनसंपर्क अभियान, लोगो का मिल रहा जोरदार समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू ने गुरुवार को पदमा प्रखंड के पिंडारकोन गांव में जन संपर्क अभियान चलाया। जहां उन्होंने देखा की आजादी के सात दशक बाद भी बिजली, सड़क एवं पानी जैसी मूलभूत सु. विधाओं से पिंडारकोण की जनता वंचित है। ग्रामीणों ने बताया की हमारा गांव आज भी विकास से कोसों दूर है। जहां लोग स्वच्छ जल पीने के लिए तरसते है। रोड की स्थिति खराब होने के कारण बरसात में जगह जगह सड़क तालाब में तब्दील हो जाता है। जिससे हम सभी ग्रामीणों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। लेकिन इस बात की चिंता बरही के किन्ही जनप्रतिनिधियों को नहीं है। वहीं अरुण साहू ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की अगर आप सभी एक बार मुझे सहयोग करते है तो मैं प्रखंड के विकास में कोई कौर कसर नही छोडूंगा। मौके पर त्रिवेणी मेहता, गोविंद मेहता, गौतम चंद्रवंशी, बबलू साहू, संतोष रजवार, विक्की सिंह, सुखदेव पासवान, डोमन भुइयां, सुखदेव मेहता, पप्पू पासवन सहित गांव के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## अब्दुल कलाम पार्क में मनाई गई जड़ी बूटी दिवस, लगाए गए ओषधीय पौधे

### असाध्य रोग का इलाज जड़ी बूटी से संभव : अनिल मिश्रा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


जड़ी बूटी दिवस मनाते योगाचार्य एवं अन्य

पतंजलि के जिला सोशल मीडिया प्रभारी योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने अपने नियमित योग कक्षा अब्दुल कलाम पार्क में जड़ी-बूटी दिवस धूमधाम से मनाया। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि आचार्य बालकृष्ण जी के जन्म दिवस के उपलक्ष में सभी जगह जड़ी-बूटी दिवस मनाया जाता है । उन्होंने बताया कि आचार्य बालकृष्ण जी का जन्म उत्तराखंड में भारत में हुआ था। साथ ही उन्होंने यह भी बताएं की योग और औषधीय जड़ी बूटी के इस्तेमाल से निरोग रहा जा सकता है। योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, प्रखंड प्रभारी नरेश यादव, योग विस्तारक इंद्रदेव गुप्ता ने आचार्य बालकृष्ण जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कई औषधीय पौधे जैसे- हरश्रृंगार, अश्वगंधा, भूमि आंवला, तुलसी, मोथा घास, सदाबहार, शंखपुष्पी, शहजन, एलोवेरा, गिलोय, नीम, कड़ी पत्ता, बेल, आम, गेंदा फूल, पीपल, धतूरा, एकवन, कर्मी साग, अमरुद, पत्थरचट्टा, आंवला, हल्दी, अदरक, जीरा,काली मिर्च, इत्यादि सैकड़ों औषधीय पौधों के फायदे को बताएं और साथ ही अपने योग साधकों के साथ मिलकर उन पौधों को पार्क में लगाया गया। साथ ही सैकड़ों पौधों का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में योगाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, हंसराज, हर्ष कुमार, अमित कुमार गौरव, जीतू मद्धेशिया, उमेश दास, कुंदन गुप्ता, सूर्यांश मिश्रा, क्षितिज मिश्रा,अमन कुमार, हर्ष कुमार, रितेश कुमार गुप्ता,राजकुमार यादव, लो. केश कुमार, अर्जुन प्रसाद, राजकुमार केसरी, योग बिस्तारक इंद्रदेव प्रसाद गुप्ता, सत्येंद्र यादव, अरुण साहू, शंकर कुमार, उमेश प्रसाद गुप्ता, दीपक कुमार, मनोज यादव,मनोज केसरी,दिलीप केसरी,प्रदीप केसरी, अनुज कुमार, चुन्नू केसरी, बलराम केसरी,भोला चंद्रवंशी इत्यादि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## वीरों का जीवन सदैव सत्य की राह दिखाता है : प्राचार्य ए के सिंह

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरही में क्रांतिकारी अभिनय सह झांकी की प्रस्तुति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



डीएवी पब्लिक स्कूल बरही के प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के शुभ अवसर पर प्रार्थना सभा में देश की स्वतंत्रता दिलाने वाले क्रांतिकारियों के जीवन को प्रस्तुत करने वाली झांकी के तहत झांसी की रानी लक्ष्मी बाई का जीवन कक्षा छठी की छात्रा सिंकू कुमारी ने पूरे ओज के साथ प्रस्तुत किया। पूरी साज-सज्जा के साथ रानी लक्ष्मीबाई की प्रस्तुति उसने प्रार्थना सभा में प्रस्तुत की ।उसके द्वारा बोले गए संवाद हम सबों को रानी लक्ष्मीबाई की याद दिलाती है। इस अवसर पर कक्षा नवम के छात्र कुंदन कुमार विश्वकर्मा ने देशभक्ति गीत गाकर सबों को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी के उपलक्ष में प्रतिदिन प्रार्थना सभा में किसी न किसी क्रांतिकारी और वीरांगनाओं के चरित्र को छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहा है ।आज की कड़ी में महारानी लक्ष्मी बाई के जीवन को प्रस्तुत किया गया। यह प्रस्तुति छात्रों को देश प्रेम से तो जोड़ती ही है साथ ही साथ महिला सशक्तिकरण के तरफ भी अपनी कदम बढ़ाती है ।इस तरह के कार्यक्रम छात्र छात्राओं के मनोबल को ऊंचाई प्रदान करते हैं। जिससे उनके आगे आने वाला जीवन सशक्त रूप से विकसित होकर अपनी समस्याओं से लड़ते हुए समाज के सामने एक बेहतर स्वरूप में प्रस्तुत होगा ।जो अन्य छात्राओं वह महिलाओं के लिए मार्गदर्शन का कार्य करेगा। उन्होंने बच्चों से आह्वान किया कि हमें अपने जीवन में देश की आजादी के लिए समर्पित लोगों के लिए सदैव श्रद्धा का भाव रखना चाहिए ।साथ ही साथ आगे आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक बेहतर परिवेश तैयार करना चाहिए। जहां उनका बौद्धिक व शारीरिक विकास पूरी तरह देश को समर्पित होगा ।इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के मन में आजादी के प्रति उत्साह जगाता है एवं आदर का भाव भी पैदा करता है। अतः हम सबों को आजादी का महत्व समझते हुए भविष्य में इसे अक्षुण्ण रखने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिए । उन्होंने कहा कि प्रार्थना सभा में छात्र छात्राओं के अंदर नेतृत्व की भावना का भी विकास होता है। इसलिए सभी छात्र छात्राओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।






दिनांक: 04-08-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

पेज सं०: 03

## हजारीबाग रोड स्थित हेन्ठगढ़ा मे सड़क निर्माण अधूरा, लोग गिरकर हो रहे हैं घायल

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

प्रखंड के बड़कागांव पूर्वी पंचायत अंतर्गत हजारीबाग रोड स्थित हेन्ठगढ़ा ( बरवाडीह) रोड के पास सड़क की हालत काफी जर्जर हो गई है। जिसके कारण जर्जर सड़क में गड्ढे का अनुमान नहीं लगने के कारण अब तक दर्जनों मोटरसाइकिल दुर्घटनाग्रस्त हुई है। कई लोग घायल हुए हैं किन्ही का हाथ तो किहीं का पैर टूटा है। मामले को लेकर मुखिया प्रतिनिधि राजकुमार साहू ने कहा कि उक्त सड़क कालीकरण रोड सड़क निर्माण कार्य सिंह कंस्ट्रक्शन के द्वारा किया जा रहा है। परंतु बीच में ही कंट्रक्शन के द्वारा निर्माण कार्य छोड़ दिया गया है। जिसके कारण 30 फीट लंबाई तक सड़क पर जगह-जगह पर पानी जमा हो जा रहा है। पानी जमा होने के कारण सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। जिसके कारण हमेशा मोटरसाइकिल चालक गिर रहे हैं हाथ पैर टूट रहे हैं । प्रशासन को इस और विशेष ध्यान देने की जरूरत है । ताकि बार-बार हो रही सड़क दुर्घटना से लोगों को बचाया जा सके। ज्ञात हो उक्त सड़क निर्माण कार्य 750 सौ करोड़ रुपए लागत राशि से बिजुपाड़ा से लेकर हजारीबाग कारगिल तक 102 किलोमीटर बनना निर्धारित है। उक्त सड़क निर्माण कार्य 2014 में 450 करोड़ की लागत राशि से निर्माण कार्य का शुभारंभ हुआ था ।



जर्जर सड़क

## विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बड़कागांव प्रखंड के लूंरुगा में 63 केवीए का ट्रांसफार्मर कराया गया उपलब्ध

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत गरसुला पंचायत के ग्राम लूंरुगा मे विगत कई दिनों से जले हुए 63 केवीए ट्रांसफार्मर को विधायक अंबा प्रसाद की पहल पर बदला गयाद्य ज्ञात हो कि ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण लोगों को काफी क. ठनाई का सामना करना पड़ रहा था । जिसे लेकर विधायक अंबा ने विभाग से ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। इस अवसर पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि पूरे विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी बिजली की समस्या होती है सीधे हमसे संपर्क करेंद्य ट्रांसफार्मर मिलने के अवसर पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे,संजय महतो, उमेश साव, सरोज साव, नागिन ठाकुर, दिनेश साव, राजकुमार साव, नकुल गंजू समेत समस्त ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

## चौपारण मुखिया द्वारा आयोजित हरिकीर्तन में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक

### भगवान की आराधना से मिलता है शक्ति : मनोज कुमार यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण मुखिया पिंकी देवी के सौजन्य से उनके पैतृक घर सियरकोनी में अवस्थित देवी मंडप में 12 घण्टे अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान मुखिया व प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने चौपारण पंचायत में सुख शान्ती व समृद्धि की कामना किया। पूर्व विधायक ने कहा कि भगवान की आराधना करने से हम सबको शक्ति मिलता है। इस दौरान पूर्व विधायक ने सबके साथ हरे राम हरे कृष्णा गाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाया। मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ने अतिथियो का स्वागत करते हुए कहा कि कहा कि भगवान की कृपा पंचायत वासियो पर सदैव बना रहे। मौके पर मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, चौपारण मुखिया पिंकी देवी, समिति सदस्य सहदेव प्रसाद यादव, भाजपा नेता रामाशीष सिंह, समाजसेवी संजय सिंह, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह, रामचन्द्र सिंह, रामप्रवेश सिंह, रामबृक्ष सिंह, जन्मजेय सिंह, विकास सिंह, विजय सिंह, राम सिंह, सहित अन्य।

## हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे भाजपाई, पूर्व विधायक के उपस्थिति बैठक

### आज़ादी के अमृत महोत्सव का भागीदार बने घर घर में फहराएं तिरंगा : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



आज़ादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए चौपारण भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा के अगुवाई में बैठक आयोजित किया गया। बैठक में बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर उपस्थिति रहे। बैठक के दौरान हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भाजपा नेताओं ने अपना अपना विचार रखा वही पंचायत वार प्रभारी नियुक्त किया गया। नियुक्त प्रभारियों को बूथ प्रभारी बनाकर कार्यक्रम सफल बनाने का आग्रह किया। इस दौरान कई नेताओं ने सहयोग स्वारूप प्रखण्ड कमेटी को तिरंगा झंडा सहयोग का घोषणा किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि हम सबको आदरणीय लोकप्रिय प्रधानमंत्री के आहवाहन को सफल बनाना है। तिरंगा झंडा के कारण हम सब खुली आसमान में सांस ले रहे है। उसी झंडे के सम्मान में हम सब घर घर तिरंगा झंडा फहराएंगे। शहीदों के सम्मान में देश हित मे आप सब इस मुहिम के भागीदार बने। मौके पर जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, सीताराम साव, सुनील सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, रामस्वरूप पासवान, मंडल महामंत्री रामाशीष सिंह, कृ ष्णा गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, मुखिया कृष्णा रविदास, भाजपा नेता अशोक ठाकुर, भरत सिंह, अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष मो सेराज अंसारी, संगठन मंत्री अर्जुन राणा, ओबीसी मंडल अध्यक्ष राजकुमार यादव, भाजपा युवा नेता अजित सिंह, जन्मजेय सिंह, राजेश गुप्ता, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, कैलाश पांडेय, देवकुमार दाँगी, सहदेव प्रसाद यादव, राजेन्द्र प्रसाद, रेवाशंकर साव, अशोक यादव, युवा नेता चंदन पासवान, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।







APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार    सहयोगी: सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार से सम्मानित हुवा मध्य विद्यालय सिंहपुर, जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन

### सामूहिक प्रयास से विद्यालय को स्वच्छ व सुंदर रखा जा सकता है : प्राचार्य

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



जिला स्तरीय स्वच्छ विद्यालय पुरुस्कार 2021 –22 के सर्वेक्षण में चौपारण प्रखण्ड से मध्य विद्यालय सिंहपुर का चयन किया गया। जिला स्तरीय आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य कमलेश कुमार कमल को प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस संदर्भ की जानकारी देते हुए शिक्षक कमलेश कुमार कमल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए हजारीबाग जिले से 38 विद्यालयों का चयन किया गया। चयनित विद्यालयों में ओभरऑल 8 विद्यालयों का चयन जिला स्तर पर किया गया। चयनित आठ विद्यालयों में पाँच रेटिंग के आधार पर जिले में मध्य विद्यालय सिंहपुर तीसरे स्थान पर रहा। विद्यालय को मिले पुरुस्कार से उत्साहित कमलेश कुमार कमल ने विद्यालय के सभी सहयोगी शिक्षको व बच्चो के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयाश से विद्यालय को स्वच्छ व सुंदर रखा जा सकता है। श्री कमल ने कहा कि विद्यालय में गठित बाल संसद को नियमित कार्यो के प्रति प्रोत्साहित करें। इधर सिंहपुर स्कूल को स्वच्छता पुरस्कार मिलने पर प्रभारी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागदेव यादव, शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा, जितेंद्र सिंह, रविन्द्र कुमार, प्रदीप कुमार, कैलाश दांगी, सुरेंद्र दास, दिलावर अंसारी, प्रेम पंडित, उपेंद्र कुमार, कैलाश साव, सुधीर कौशल, संजय यादव, रामावतार प्रजापति आदि शिक्षको ने बधाई दिया।

## झारखंड को सुखाग्रस्त घोषित करे सरकार- पंकज महतो

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


पंकज महतो

बड़कागांव : किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि झारखंड में सूखे के आसार दिखने शुरू हो गये हैं। पिछले 10 साल में अब तक सबसे कम बारिश हुई है। हालत ये हो गयी है कि इस साल धान के बिचड़े पर भी संकट मंडराने लगा है। कई जिलों तो अब तक रोपा शुरू भी नहीं हो सका है।राज्य के 16 जिलों की स्थिति तो बेहद चिंता. जनक है इसमें रामगढ़ जिला भी शामिल है। राज्य में 15 जुलाई के बाद रोपा शुरू हो जाता है। रोपा समाप्त करने का सही समय अगस्त माह के पहले सप्ताह तक कहा जाता है। बारिश नहीं होने से कहीं–कहीं तो खेतों में दरार पड़ने लगी है। खेतों में किसान द्वारा लगाए गए धान के बिचड़े बर्बाद हो चुके हैं। बारिश की भारी कमी से खेतों में पानी की एक बुंद नहीं है। झारखंड की मुख्य फसल धान बोने का उपयुक्त समय में 50 दिन देर हो चुका है जिससे किसानो के सामने जीविका पर भारी संकट मंडरा रहा है। वर्षा की भारी कमी से अन्य फसल भी प्रभावित होगा ऐसी स्थिति से सरकार निपटने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाई है। जिससे भुखमरी की संभावना बढ़ रही है। सरकार सुखाड़ से निपटने के लिए राज्य को सुखाग्रस्त घोषित कर अतिशीघ्र ठोस कदम उठाए।

## सांसद के सौजन्य से मास्क का वितरण किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : कोरोना महामारी को देखते हुए हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा द्वारा मास्क का वितरण गया। सांसद पीए हिमांशु कुमार एवं सत्य प्रकाश के द्वारा बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, पुर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव और विजय यादव के नेतृत्व में उच्च विद्यालय गोसाईं बलिया एवं उच्च विद्यालय नापो के शिक्षकों एवं छात्र – छात्राओं के बीच वितरण किया गया। शेष विद्यालयों में भी अति शीघ्र मास्क उपलब्ध करा दिया जाएगा। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक गोपाल प्रसाद दांगी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थी ।

## मुहर्रम को लेकर विष्णुगढ़ थाना में शांति समिति की बैठक

### जुलूस में सिर्फ धार्मिक गाना बजाने की अनुमति

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


शांति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी एवं ग्रामीण

मुहर्रम का त्योहार शांति, सौहार्द एवं भाईचारगी के साथ मनाने को लेकर गुरुवार को विष्णुगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में समुदायों के बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने की। बैठक में अधिकारियों ने सरकारी गाइडलाइन का पालन करते हुए मुहर्रम का त्योहार मनाने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी रामनारायण सिंह ने कहा कि मोहर्रम का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। मुहर्रम को लेकर सभी अखाड़ों के अध्यक्ष व सचिव को सख्त निर्देश दिया गया कि डीजे पर पूर्णरूपेण पाबंदी रहेगी। जुलूस में सिर्फ धार्मिक गाना बजाने की अनुमति है। सभी अखाड़ों के जुलूस के लाइसेंस का नवीनीकरण करवाना भी अनिवार्य है। किसी भी प्रकार की कहीं समस्या उत्पन्न होती है तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुराने जुलूस मार्ग से ही जुलूस निकाला जाएगा। मौके पर प्रमुख जैबुन निशा, उपप्रमुख सरयू साव, मुखिया उत्तम कुमार महतो, निर्मल कुमार, लक्ष्मी देवी, चंद्रशेखर पटेल, गुरु प्रसाद साव, विशेश्वर प्रसाद स्वर्णकार, सुरेंद्र मिश्रा, खलील अंसारी, दिलेर आजाद, मो. मुस. तकीम के अलावा अन्य कई लोग मौजूद थे।

## 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक पंचायत के सभी घर में तिरंगा फहराना है : लीलावती देवी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


अमृत महोत्सव में शामिल मुखिया लीलावती देवी एवं अन्य

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत नयाटाण्ड़ पंचायत में मुखिया लीलावती देवी की अध्यक्षता में अमृत महोत्सव कार्यक्रम आयोजित की गई। लगभग 100 महिलाओं ने हाथ में तिरंगा लिए बिश्रामपुर ,नयाटाण्ड़ एवं पिपराडीह गांव के गली मोहल्ले में रैली निकालकर लोगों से 13 अगस्त से लेकर 15 अगस्त तक अपने अपने घरों में तिरंगा फहराने की अपील की गई है। मौके पर पंचायत के मुखिया लीलावती देवी ने कहा की यह कार्य हम सभी भारतीयों के लिए गर्व की बात है। हम सभी 75 वे स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाएं एक दूसरे को कार्य के लिए प्रोत्साहित एवं प्रेरित करें। रैली में शामिल लोगों ने मुख्य रूप से यशोदा देवी ,सुनीता देवी, किरण कुमारी, रिंकू देवी ,ललिता कुमारी ,तारो देवी, संगीता देवी, संजू देवी ,मुनिया देवी, रिंकी देवी ,बबीता देवी, अस्मिना परवीन, विमली देवी, पूनम देवी ,आशा देवी ,संध्या देवी, गीता देवी के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरगंडा में संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा में गुरुवार को संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई।. प्रधानाचार्य शिव कुमार चौधरी ने तुलसीदास के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया।कहा कि तुलसीदास का जन्म श्रावण शुक्ल सप्तमी को हुआ था।उन्होंने रामचरितमानस की रचना कर राम के गुणों एवं आदर्शो को घर–घर स्थापित किया।उन्होंने रामचरितमानस के माध्यम से हमलोगों के सामने एक ऐसा आदर्श चरित्र स्थापित किया जो माननीय मर्यादाओं और आदर्शो की पराकाष्ठा है।इस मौके पर प्रत्येक वर्ष विद्या भारती द्वारा आयोजित कक्षा द्वितीय एवं तृतीय के लिए सुलेख,चतुर्थ पंचम में चित्रकला एवं षष्ठ से द्वादश तक निबंध का प्रतियोगिता हुई। चयनित 2 प्रतिभागियों के उत्कृष्ट लेख, चित्रकला एवं सुलेख को प्रांत राँची प्रेषित किया जाएगा। प्रियेश कुमार एवं सिद्धि कुमारी ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला वहीं वैष्णवी मिश्रा एवं अनमोल मिश्रा ने दोहा एवं राम स्तुति प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरविंद कुमार त्रिवेदी,पृथा सिन्हा, राजेंद्र लाल बरनवाल एवं समस्त दीदी का सराहनीय योगदान रहा।




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार
सहयोगीः सोनू पंडित,
एडिटिंग- सोनू पंडित
मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर


## स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ बच्चे पुरस्कार से सम्मानित हुए विष्णुगढ़ के तीन विद्यालय

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



पुरस्कार प्राप्त करते विष्णुगढ़ के प्राचार्य समेत अन्य

जिलास्तरीय स्वच्छ विद्यालय, स्वस्थ बच्चे पुरस्कार 2021-22 के सर्वेक्षण में विष्णुगढ़ प्रखंड से तीन विद्यालयों का चयन किया गया है। इनमें उत्क्रमित उच्च विद्यालय खरना, प्राथमिक विद्यालय रांगामाटी तथा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय विष्णुगढ़ शामिल हैं। हजारीबाग के जिला स्कूल के सभागार में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में उउवि खरना के प्राचार्य चिंतामणि प्रसाद समेत दोनों प्राचार्यों के अलावा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, बाल संसद के प्रधानमंत्री को संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य चिंतामणि प्रसाद ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयोजित स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार के लिए हजारीबाग जिले से 38 विद्यालयों का चयन किया गया था। चयनित विद्यालयों में ओवरअ०ल आठ विद्यालयों का चयन जिलास्तर पर किया गया। इनमें उउवि खरना को फाइव रेटिंग के आधार पर तथा अन्य दोनों विद्यालयों को खास कैटेगरी में चयन कर सम्मानित किया गया। विद्यालय को मिले पुरस्कार से उत्साहित चिंतामणि प्रसाद ने विद्यालय के सभी सहयोगी शिक्षकों व बच्चों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयास से विद्यालय को स्वच्छ व सुंदर रखा जा सकता है। कहा कि विद्यालय में गठित बाल संसद को नियमित कार्यो के प्रति प्रोत्साहित करें। विद्यालय को मिले स्वच्छता पुरस्कार पर प्रभारी बीईईओ समेत शिक्षक उमेश प्रसाद, स्थानीय मुखिया समेत ग्रामीणों एवं अभिभावकों ने बधाई दी।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फ़ोर्स की बैठक संपन्न






**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

आज गुरुवार को नया समाहरणालय भवन सभागार में गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न हुई। आज के बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया औचक निरीक्षण के क्रम में दिनांक 01.06.2022 से 03.08.2022 तक अवैध उत्त्खनन/ परिवहन के मामले में पत्थर खनिज के 03 वाहन एवं खनिज बालू से 70 कुल 73 वाहन को जब्त किया गया स जब्त वाहनों में से खनिज पत्थर के 03 वाहन से 1,28,000.00 रूपये कुल 2,56,000.00 रूपये जुर्माना राशि की वसूली की गई है स साथ ही विभिन्न स्थानों पर खनिज कोयला में 05, खनिज पत्थर में 02, खनिज माइका में 02, खनिज क्वार्टेज में 01 तथा खनिज बालू में 21 कुल 31 प्राथमिकी दर्ज कराइ गई है स जिसमे खनिज कोयला में कुल 20 व्यक्तियों को, खनिज पत्थर में कुल 20 व्यक्तियों को, तथा खनिज बालू में कुल 96 व्यक्तियों को अभियुक्त बनाया गया है। औचक निरीक्षण के क्रम में बेंगाबाद अंचल के मौजा झलगडीहा में स्थित मेसर्स बी0एल0 मिनरल के पक्ष में स्वीकृत डीलर्स लाइसेंस का निरीक्षण किया गया स जिसमे बिना परिवहन चालान के उपयोग खनिजों की अंतर मात्र के लिए 1,35,120.00 रूपये की वसूली की गई ।

औचक निरीक्षण के क्रम में मौजा चतरो, मंझलाडीह, गादीश्रीरामपुर टुंडी रोड में स्थित मेसर्स बालमुकुन्द स्पंज एंड आयरन प्रा0 लि0 उद्योग का निरीक्षण किया गया स निरीक्षण के दौरान बिना भंडारण अनुज्ञ. प्ति के भंडारित खनिज क्वार्टाज के लिए कारण पृच्छा करते हुए जुर्माना राशि भुगतान हेतु मांग पत्र निर्गत किया गया है।

औचक निरीक्षण के दौरान मौजा श्रीरामपुर में अवैध रूप से भंडारित खनिज क्वर्टाज के फैक्ट्री ए0 आर0 हाईटेक का निरीक्षण किया गया स फैक्ट्री में उपस्थित मजदूर से पूछताछ कर संचालक श्री अजय बगेडिया के विरुद्ध मुफ्फस्सिल थाना में प्राथ. मिकी दर्ज कराई गई है ।


अवैध रूप से संचालित क्रशरों पर विद्दयुत विच्छेदन हेतु पत्रांक/ 506 एवं दिनांक 04.06.2022 के द्वारा विद्युत् कार्यपालक अभियंता को पत्र प्रेषित किया गया है । अवैध रूप से संचालित 06 माईका फैक्ट्री को शील कर संबंधितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है । सभी अंचलाधिकारी को अवैध खनन/ परिवहन के रोकथाम हेतु कृत कार्यवाही के लिए कार्यालय आदेश ज्ञापांक 524/ एवं दिनांक 09.06.2022 के द्वारा सक्षम पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है । बैठक में जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि गांडेय प्रखंड के कुछ गांव के ग्रामीणों ने क्रशर के कारण वातावरण प्रदूषण की शिकायत दर्ज कराई है स उपायुक्त ने निर्देश दिया की क्षेत्रीय पदाधिकारी प्रदूषण नियंत्रण इस मामले की अविलम्ब जांच करेंगे एवं जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके । बैठक में परियोजना पदाधिकारी सीसीएल ने बताया की माइंस बंद है लेकिन कुछ स्थानों पर अवैध खनन हो रहा है स उपायुक्त ने उक्त स्थल पर निरंतर छापामारी करने का निर्देश दिया साथ ही सीआईएसफ के प्रतिनियुक्ति हेतु प्रस्ताव देने का निर्देश दिया जिला परिवहन पदा. धिकारी ने बताया की गिरिडीह जिलान्तर्गत कुल 43 खनन पट्टे तथा 205 भंडारण अनुज्ञप्ति स्वीकृत है । उपायुक्त ने निर्देश दिया के बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त संचालित उद्योग भंडारण स्थल क्रशर के स्थल पर संबंधित अनुमंडल पदाधिक. ारी अंचल अधिकारी परिवहन पदाधिकारी खनन पदाधिकारी एवं वन प्रमंडल के पदाधिकारियों के द्वारा निरंतर निगरानी एवं छापामारी की जाए

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया बताया कि अवैध परिवहन/ खनन से 73 वाहन जप्त किए गए हैंस उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी वाहन जिन पर प्राथमिकी दर्ज है उन सभी का राजसात अविलम्ब किया जाए । बैठक में जिला खनन पदा. धिकारी ने बताया कि 34 खनन पट्टों की अवधि समाप्त हो गई है । उपायुक्त ने निर्देश दिया कि संबंधित अनुमंडल पदा. धिकारी अंचल अधिकारी थाना प्रभारी एवं खनन पदाधिकारी सतत निगरानी रखेंगे ताकि उक्त स्थलों पर अवैध खनन ना हो, एवं उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि अगर वहां पर अवैध खनन पाया जाय तो अवैध कर्ताओं पर संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी नियमानुसार दंडात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे ।

जिला खनन पदाधिकारी ने बताया कि झारखंड स्टेट सेंड माइनिंग प०लिसी 2017 के पश्चात बालूघाटों का संचालन झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0 (जेएसएमडीसी) के द्वारा किया जाना है स जिले में बालूघाटों की सुव्यवस्थित बंदोबस्ती हेतु जेएसएमडीसी द्वारा टेंडर प्रक्रियाधीन है स जिसके लिए बालूघाटों से संबंधित सूची जेएसएमडीसी को भर्ज दी गई है स वर्त्तमान में गांडेय अंचल अंतर्गत एक अवैध रूप, से भंडारित खनिज बालू के स्ट०क को जब्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराकर थाना प्रभारी, तारातांड थाना में सुरक्षित अभिरक्षण में रखा गया है, जिसका रा. जसात किया जाना है, जो प्रक्रियाधीन है । उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी पूर्वी एवं पश्चिमी को निर्देश दिया कि वन भूमि से होकर जितने भी अवैध खनन परिवहन हो रहे हैं उन स्थलों को चिन्हित कर ट्रेंच कटिंग किया जाए ताकि इस रोक लगाई जा सके। अवैध खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु उपायुक्त ने चार स्थल नीमडीह, पचंबा, गम्हरिया टांड,तिसरी एवं बराकर पुल तारा टांड पर चेक नाका लगाने का निर्देश दिया । बैठक में पुलिस अधीक्षक, अपर समाहर्ता, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, क्षेत्रीय पदाधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण परिषद तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे ।













सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मुहर्रम : गली मोहल्ले समेत इमामबाड़े पर लगया फ़रहरा





**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

बिरनी प्रखंड के विभिन्न इलाकों में गली मोहल्ले समेत इमामबाड़ा के पास फ़रहरा और गली गली में इस्लामी झंडा लगा गया। जानकारी के मुताबिक बता दे कि गुरुवार को पांचवी मुहर्रम की पर गली मो. हल्ले सज धज कर तैयार कर रहे हैं। इधर कोडराटांड,बलगो,खेदवारा, बलिया, खाखीपिपर, पड़रियाटांड,दौनीय,थॅारिया,भरकट्टा,चिरुडीह,पेशम, जमडीहा, द्वारपहरी, मख्मार्गो, दलंगी,गुडिटण्ड आदि गाँव मे गली मोहल्ले सजाया जा रहा है, वही कोडराटांड समेत आधा दर्जन गांव अखाड़े की शुरुआत हो गया है। वही सड़क के किनारे में उच्चे उच्चे बड़े बड़े चौक चोरहा पर फ़रहरा लगाया गया है।वही कर्बला में भी बेहत. रीन रूप से सजाया जा रहा है।जिसमें बलिया गांव के नोजवानो ने पूरे बलिया गांव को अपने तरीके से पूरे तरह से सजाया गया है। वही खाखीपिपर गांव में मीना बाजार चौक से एक बेहतरीन गेट बनाया है, गेट के ऊपर इस्लामी झंडा लगया गया है। चिरुडीह गाँव मे भी पूरे चिरुडीह गाँव मे पूरे गली को लाइट से सजाया गया है। वही पूरे गाँव मे इस्लामी झंडा से सजाया है।

मुहर्रम त्यौहार को लेकर बिरनी पुलिस अपनी कमर कस ली है। बता दे कि बिरनी पुलिस की नज़र व्हाट्सएप ग्रुप पर कड़ी नजर रखा गया है।बिरनी पुलिस इधर शांतिपूर्ण तरीके से मुहर्रम समपन्न करने की अपील करते हुए, अफवाह पर ध्यान नहीं देने की अपील की

इस्लामी वर्ष यानी हिजरी वर्ष का पहला महीना है। हिजरी वर्ष का आरंभ इसी महीने से होता है। इस माह को इस्लाम के चार पवित्र महीनों में शुमार किया जाता है। अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने इस मास को अल्लाह का महीना कहा है। साथ ही इस मास में रोजा रखने की खास अहमियत बयान की है।मुख्तलिफ हदीसों, यानी हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के कौल (कथन) व अमल (कर्म) से मुहर्रम की पवित्रता व इसकी अहमियत का पता चलता है। ऐसे ही हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने एक बार मुहर्रम का जिक्र करते हुए इसे अल्लाह का महीना कहा। इसे जिन चार पवित्र महीनों में रखा गया है, उनमें से दो महीने मुहर्रम से पहले आते हैं। यह दो मास हैं जीकादा व जिलहिज्ज।एक हदीस के अनुसार अल्लाह के रसूल हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने कहा कि रमजान के अलावा सबसे उत्तम रोजे वे हैं, जो अल्लाह के महीने यानी मुहर्रम में रखे जाते हैं। यह कहते समय नबी-ए-करीम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने एक बात और जोड़ी कि जिस तरह अनिवार्य नमाजों के बाद सबसे अहम नमाज तहज्जुद की है, उसी तरह रमजान के रोजों के बाद सबसे उत्तम रोजे मुहर्रम के हैं।

मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का प्रथम मास है। इत्तिफाक की बात है कि आज मुहर्रम का यह पहलू आमजन की नजरों से ओझल है और इस माह में अल्लाह की इबादत करनी चाहीये जबकि पैगंबरे-इस्लाम ने इस माह में खूब रोजे रखे और अपने साथियों का ध्यान भी इस तरफ आकर्षित किया। इस बारे में कई प्रामाणिक हदीसें मौजूद हैं। मुहर्रम की 9 तारीख को जाने वाली इबादतों का भी बड़ा सवाब बताया गया है। हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के साथी इब्ने अब्बास के मुताबिक हजरत मुहम्मद (सल्ल.) ने कहा कि जिसने मुहर्रम की 9 तारीख का रोजा रखा, उसके दो साल के गुनाह माफ हो जाते हैं तथा मुहर्रम के एक रोजे का सवाब (फल) 30 रोजों के बराबर मिलता है। गोया यह कि मुहर्रम के महीने में खूब रोजे रखे जाने चाहिए। यह रोजे अनिवार्य यानी जरूरी नहीं हैं, लेकिन मुहर्रम के रोजों का बहुत सवाब है।

अलबत्ता यह जरूर कहा जाता है कि इस दिन अल्लाह के नबी हजरत नूह (अ.) की किश्ती को किनारा मिला था। इसके साथ ही आशूरे के दिन यानी 10 मुहर्रम को एक ऐसी घटना हुई थी, जिसका विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इराक स्थित कर्बला में हुई यह घटना दरअसल सत्य के लिए जान न्योछावर कर देने की जिंदा मिसाल है। इस घटना में हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे (नाती) हजरत हुसैन को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की घटना अपने आप में बड़ी विभत्स और निंदनीय है। बुजुर्ग कहते हैं कि इसे याद करते हुए भी हमें हजरत मुहम्मद (सल्ल.) का तरीका अपनाना चाहिए। जबकि आज आमजन को दीन की जानकारी न के बराबर है। अल्लाह के रसूल वाले तरीकोंसे लोग वाकिफ नहीं हैं। करबला, इराक़ की रा. जधानी बग़दाद से 100 किलोमीटर दूर उत्तर-पूर्व में एक छोटा-सा कस्बा। 10 अक्टूबर 680 (10 मुहर्रम 61 हिजरी) को समाप्त हुई। इसमें एक तरफ 72 (शिया मत के अनुसार 123 यानी 72 मर्द-औरतें और 51 बच्चे शामिल थे) और दूसरी तरफ 40,000 की सेना थी। हजरत हुसैन की फौज के कमांडर अब्बास इब्ने अली थे। उधर यजीदी फौज की कमान उमर इब्ने सअद के हाथों में थी। हुसैन इब्ने अली इब्ने अबी तालिब हजरत अली और पैगंबर हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की बेटी फ़ातिमा (रजि.) के पुत्र। जन्म रु 8 जनवरी 626 ईस्वी (मदीना, सऊदी अरब) 3 शाबान 4 हिजरी। शहादतरु 10 अक्टूबर 680 ई. (करबला, इराक) 10 मुहर्रम 61 हिजरी। मु. सलमानों का मानना है कि मोहर्रम के इस माह में अल्लाह की खूब इबादत करनी चाहिए। पैगंबरों ने इस माह में खूब रोज़े रखे। जानकारी के लिए बता दें कि अल्लाह की बन्दगी तो आठों पहर और सोते जागते करनी चाहिए। अल्लाह की बन्दगी का कोई महीना विशेष या दिन विशेष नहीं होता। अल्लाह की बन्दगी पूर्ण तत्वदर्शी सन्त जिसे कुरान के सूरत अल फुरकान 25रु59 में बाख़बर कहा है, के द्वारा बताई साधना विधि से की जा सकती है। मुस्लिम समाज में मनाया जाने वाला प्रसिद्ध शोक जश्न मुहर्रम सिर्फ लोकमायताओं पर आधारित है। हज़रत मोहमद जी ने कभी नहीं कहा कि आप अल्लाह के लिए खून बहाओ या अपने आप को कष्ट दो। और न ही इसका प्रमाण मुस्लीम समाज के पवित्र धर्मग्रंथों (कुरान, इनजिल, जबूर आदि) में हैं।

मुहर्रम इस्लाम धर्म में विश्वास करने वाले लोगों का एक प्रमुख त्यौहार है। इस माह की बहुत विशेषता और महत्व है। सन् 680 में इसी माह में कर्बला नामक स्थान मे एक धर्म युद्ध हुआ था, जो पैगम्बर हजरत मुहम्म्द स के नाती तथा इब्न ज़्याद के बीच हुआ। इस धर्म युद्ध में वास्तविक जीत हज़रत इमाम हुसैन अ की हुई। पर जाहिरी तौर पर इब्न ज़्याद के कमांडर शिम्र ने हज़रत हुसैन रज़ी और उनके सभी 72 साथियों (परिवार वालो) को शहीद कर दिया था। जिसमें उनके छः महीने की उम्र के पुत्र हज़रत अली असग़र भी शामिल थे। और तभी से तमाम दुनिया के ना सिर्फ़ मुसलमान बल्कि दूसरी क़ौमों के लोग भी इस महीने में इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत का ग़म मनाकर उनकी याद करते हैं। आशूरे के दिन यानी 10 मुहर्रम को एक ऐसी घटना हुई थी, जिसका विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इराक में स्थित कर्बला में हुई यह घटना दरअसल सत्य के लिए जान न्योछावर कर देने की जिंदा मिसाल है। इस घटना में हजरत मुहम्मद के नवासे (नाती) हजरत हुसैन को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की घटना अपने आप में बड़ी विभत्स और निंदनीय है। बुजुर्ग कहते हैं कि इसे याद करते हुए भी हमें हजरत मुहम्मद (सल्ल.) का तरीका अपनाना चाहिए। जबकि आज आमजन को दीन की जानकारी न के बराबर है। अल्लाह के रसूल वाले तरीकों से लोग वाकिफ नहीं हैं। ऐसे में जरूरत है हजरत मुहम्मद (सल्ल.) की बताई बातों पर गौर करने और उन पर सही ढंग से अमल करने की जरुरत है। इमाम और उनकी शहादत के बाद सिर्फ उनके एक पुत्र हजरत इमाम ज़ैनुलआबेदीन, जो कि बीमारी के कारण युद्ध मे भाग न ले सके थे बचेद्य दुनिया मे अपने बच्चों का नाम हज़रत हुसैन और उनके शहीद साथियों के नाम पर रखने वाले अरबो मुसलमान हैं। इमाम हुसेन की औलादे जो सादात कहलाती हैं दुनियाभर में फैली हुयी हैं। जो इमाम जेनुलाबेदीन अ से चली।

## वर्षो से लगने वाले स्थान में ही लगेगा मुहर्रम का अखाड़ा : सीओ अशोक राम

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड के गादी पंचायत अंतर्गत जमडीहा उत्क्रमित मध्य विद्यालय के नजदीक दो समुदायों के बीच जमीन विवाद को बुधवार सीओ अशोक राम, थाना प्रभारी अमरजीत सिंह,एसआई मुकेश दयाल सिंह ने ग्रामीणों के बीच बैठकर आपसी समझौता किया। बता दें कि ग्रामीणों का आरोप था कि विद्यालय के बगल में जमीन खाली है। जिस पर एक समुदाय के लोगों द्वारा जमीन का अतिक्रमण कर घर बनाने की तैयारी कर रहा था। जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने सीओ और थाना में दिया था। जमीन की इस विवाद को समुदाय विशेष के लोगों ने मंगलवार को हुई शांति बैठक में उठाकर मुहर्रम से जोड़ दिया। इस समुदाय के लोगों का कहना है कि जहां पहले मुहर्रम का अखाड़ा लगता था वहां जगह कम होने से विद्यालय के नजदीक खाली जमीन में वर्षो से मुहर्रम का अखाड़ा लगता रहा है परन्तु ग्रामीण उसे इस वर्ष वहां अखाड़ा नहीं लगाने दे रहे हैं। सीओ अशोक राम ने दोनों पक्षों का कागज देखा और कहा यह जमीन जंगल विभाग का है इसपर कोई भी कंस्ट्रक्शन का काम नहीं कर सकता आदि कोई करता है तो उसपर कानूनी कार्यवाही किया जाएगा। जिसके बाद अखाड़े की बात पर समुदाय के लोगों का कहना था कि वहां जगह कम पड़ जाने से हमलोग वर्षो से इस खाली मैदान में अखाड़ा लगाते रहे हैं परन्तु ग्रामीणों से इसे गलत कहते हुए कहा यहां कभी भी अखाड़ा नहीं लगा है इसलिए जहां पहले अखाड़ा लगता रहा है वहीं अखाड़ा लगे। अधिकारियों ने इसकी जानकारी के लिए पहले मजिस्टेट रहे एवं पुलिस से लिया जिसमे पता चला कि इस स्थान पर कभी अखाड़ा नहीं लगा है । सीओ एवं थाना प्रभारी ने दोनों समुदायों से पांच-पांच लोगों को बुला कर कहा एसडीएम एंव उच्च अधिकारियों का साफ निर्देश है की कोई भी नए रास्ते एवं जगह को नहीं चुने पहले जिस स्थान एंव रास्ते का प्रयोग हो रहा था वहीं अखाड़ा लगेगा। जिसपर दोनों समुदायों ने सहमति जता कर सोहाद्रता पूर्वक त्यावहार मनाने का विश्वास दिलाया। इस दौरान समाजसेवी अजय सिंह , संतोष सिंह, दशरथ सिंह, मुरली सिंह ,ललन सिंह, जनार्दन राम,विनोद सिंह,कुर्बान अंसारी, मुबारक अंसारी, इम्तियाज अंसारी, सहादत अंसारी, जाकिर अंसारी रुस्तम अंसारी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।




APEM LIVE